The Manipur administration has been requested to furnish the required information which will be laid on the Table of Lok Sabha in due course.

आगामी रबी फसल के लिये बिहार के किसानों को चने के बीजों की सप्लाई

8327. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आगामी रबी की फसल के लिए बिहार के किसानों को चने के बीज सप्लाई करने की कोई व्यवस्था की गई है; और

(ख) यदि हां, तो उनके ये बीज कब सप्लाई किये जायेंगे ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : (क) और (ख). बीज सम्भरण की व्यवस्था करना राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है। कमी की अवस्था में भारत सरकार सम्भरण की व्यवस्था करती है, परन्तु बिहार राज्य सरकार ने रबी 1971-72 के लिए चने के बीजों के सम्भरण के लिए अभी तक कोई अनुरोध नहीं किया है।

हरियाणा और राजस्थान में ढोरों की नस्ल सुधारना तथा दूध और घी की सप्लाई पर इसका प्रभाव

6328. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हरियाणा तथा राजस्थान में ढोरों की नस्ल सुधारने की कोई योजना बनाई है;

(ख) क्या एक वैज्ञानिक की यह रिपोर्ट सही है कि यदि हरियाणा और राजस्थान में ढोरों की नस्ल को सुधारा जाये तो ये राज्य सम्पूर्ण देश को दूध और घी की सप्लाई कर सकते हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) सरकार, थारपरकर गाय के सुधार तथा संतति परीक्षित सांडों से वितरण के लिये 89.87 लाख रुपये की अनुमानित लागत से राजस्थान के सूरतगढ़ नामक स्थान में एक केन्द्रीय पशु-प्रजनन फार्म की स्थापना कर रही है। तृतीय पंचवर्षीय योजना के दौरान हरियाणा गाय के सुधार के लिये 138 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर राजकीय पशुधन फार्म, हिसार के पुनर्गठन की एक केन्द्रीय प्रायोजित परियोजना शुरू की गई थी। चौथी पंचवर्षीय योजना से यह परियोजना राज्य सरकार को हस्तान्तरित की गई है।

(ख) सरकार ने कोई ऐसी रिपोर्ट नहीं देखी है।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता।

किसानों को उन्नत किस्म के बीजों की सप्लाई

6329. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसानों को किश्तों के आधार पर उन्नत किस्म के बीज सप्लाई करने की कोई योजना राज्यों को भेजी गयी है; और

(ख) यदि हां, तो किसानों को ये किस दर पर दिये जायेंगे।

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं होता।

आयातित भेड़ें तथा उनकी उपयोगिता

6330. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत ने दो वर्ष पूर्व इज़राईल अथवा अन्य देशों से भेड़ें खरीदी थीं और क्या वे उपयोगी सिद्ध हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान को कितनी भेड़ें दी गयीं तथा उनका मूल्य कितना है; और